# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–12 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

सी पी राधाकृष्णन देश के पंद्रहवें उप राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को और सदैव अटल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सी पी राधाकृष्णन को जनता की सेवा समर्पित सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम की काशी यात्रा, इस शहर के सांस्कृतिक महत्व और भारत तथा मॉरीशस के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को देखते हुए और भी खास हो गई है। एक रिपोर्ट–

***मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ हुई द्विपक्षीय बातचीत से जुड़े एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने परस्पर सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। वह बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमत हुए। इस बीच, अपनी काशी यात्रा के तीसरे दिन मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम ने आज सुबह अपने परिवार के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। कल शाम उन्होंने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया था। उनके साथ आए शिष्टमंडल ने वाराणसी में हुए स्वागत और अपनेपन की भावना की सराहना की। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

काशी की यात्रा पूरी कर मॉरीशस के प्रधानमंत्री आज ही अयोध्या पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उनका सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी स्वागत किया गया। इसके बाद वह श्रीराम मंदिर पहुंचे और श्रीराम दरबार में परम्परागत तरीके से पूजा अर्चना की। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने अपने पूरे परिवार और तीस सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर में पैंतालीस मिनट का समय बिताया।

**********

प्रदेश सरकार सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पर्व के दौरान राज्य के सभी जिलों में पंद्रह लाख पौधे लगाएगी। सत्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पर्व के उद्घाटन के दौरान राज्य के चौंतीस नगर वनों में से प्रत्येक में कम से कम सौ पौधे लगाए जाएँगे। हमारे आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि सभी वृक्षारोपण स्थलों के फोटोग्राफ और एमआईएस डेटा मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड किए जाएँगे।

**********

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी दरों में सुधार की घोषणा की थी। उनका यह सपना तीन सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को मंजूरी दे दी। जीएसटी सुधार बाईस सितम्बर से लागू हो जाएंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे दूध, पैक्ड खाद्य पदार्थ, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं, दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ अब जीएसटी से मुक्त हैं। सभी प्रकार की ब्रेड को अब बिना जीएसटी वाले स्लैब में रखा गया है, जिससे यह लोगों के लिए और भी किफायती हो गई है। वहीं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की ओर देखें तो सरकार ने इस क्षेत्र में भी लोगों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने 33 जीवन रक्षक दवाओं पर से पूरी तरह से जीएसटी हटाने का फैसला किया है। इसके साथ ही छात्रों पर कर का बोझ कम करने के लिए अधिकांश स्टेशनरी सामानों को अब शून्य जीएसटी श्रेणी में रखा गया है। टेक्सटाइल सेक्टर में भी अब कई धागे कर मुक्त कर दिए गए हैं। ईशानी यादव के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराने को कहा है। वहां कल रात एक रोडवेज की बस के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य यात्री घायल हैं। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि दुर्घटना की शिकार हुई यात्री बस हरदोई से लखनऊ जा रही थी।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में बीती रात हुई बारिश से लोगों को भीषण उमस से राहत मिली है। हांलाकि दिन में धूप निकलने से हल्की गर्मी भी महसूस की गई। मौसम विभाग ने कल और चौदह सितम्बर को भी पूर्वी जिलों में कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक आगामी पांच दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**********